| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17- | निदेशक, कारख़ाना, कानपुर। | 11 | 05 | -- | 10 | 26 | स्थायी |
| 18- | प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ०प्र०, लखनऊ (मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता कार्यालय हेतु) | 41 | 04 | 02 | 16 | 63 | ------ |
| 19- | शिक्षा निदेशक, (उ०शि०), डिग्री सेवा अनुभाग उ०प्र०, इलाहाबाद (रा०महा०क्षे० कार्यालय हेतु)। | 64 | 26 | 02 | 34 | 126 | स्थायी |
| 20- | आयुक्त मनोरंजन कर, उ०प्र०, लखनऊ। | 12 | -- | -- | 02 | 14 | ------- |
| 21- | सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ०प्र०, लखनऊ। | 05 | 01 | -- | 01 | 07 | -------- |
| 22- | निबन्धक, वाणिज्यकर,अधिकरण, उ०प्र०, लखनऊ। | 29 | 14 | 01 | 17 | 61 | अस्थायी |
| 23- | आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, अनु०-12, लखनऊ। | 07 | 01 | -- | 05 | 13 | स्थायी |
| 24- | आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, लखनऊ (जिलाधिकारी कार्यालय हेतु)। | 304 | 83 | 14 | 144 | 545 | ------- |
| 25- | आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र०लखनऊ। | 39 | 16 | 01 | 22 | 78 | ------- |
| 26- | निबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज़ एवं चिट्स, उ०प्र०, लखनऊ। | 07 | -- | -- | 03 | 10 | स्थायी |
| 27- | निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ०प्र०, लखनऊ। (संस्थानों हेतु) | 33 | 13 | 01 | 17 | 64 | स्थायी |
| 28- | प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ०प्र०, लखनऊ । (मंडलीय संवर्ग हेतु) | 205 | 27 | 05 | 60 | 297 | ------- |
| 29- | निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, लखनऊ। | 08 | 04 | 01 | 08 | 21 | स्थायी |
| 30- | सचिव, उ०प्र०अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ। | 01 | -- | -- | 01 | 02 | स्थायी |
| 31- | महानिदेशक, राज्य नियोजन संस्थान, उ०प्र०, लखनऊ। | 04 | 03 | -- | 02 | 09 | स्थायी |
| 32- | आबकारी आयुक्त, उ०प्र०, इलाहाबाद। | -- | -- | -- | 17 | 17 | ------- |
| 33- | सयु०निबंधक (न्या०), राज्य लोक सेवा अधिकरण, लखनऊ। | 11 | 03 | -- | 05 | 19 | स्थायी |
| 34- | निदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, उ०प्र०, लखनऊ। | 07 | 06 | -- | -- | 13 | स्थायी |
| 35- | राज्य मद्यनिषेध अधिकारी, उ०प्र०, लखनऊ। | 02 | 01 | -- | 01 | 04 | स्थायी |
| 36- | निदेशक, पर्यावरण निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ। | 01 | -- | -- | -- | 01 | स्थायी |
| 37- | निबंधक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ०प्र०, लखनऊ । | 01 | 01 | -- | 01 | 03 | अस्थायी |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 38- | निबंधक, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, उ०प्र०, लखनऊ। (विभिन्न जिला उपभोक्ता फोरम) | 10 | 01 | -- | 01 | 12 | अस्थायी |
| 39- | चीनी आयुक्त, उ०प्र०लखनऊ। | 47 | 20 | -- | 23 | 90 | स्थायी |
| 40- | निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ०प्र०, लखनऊ। (मुख्यालय हेतु) | 08 | 09 | -- | 08 | 25 | स्थायी |
| 41- | महानिरीक्षक, होमगार्ड मुख्यालय, उ०प्र०, लखनऊ। (मंडलीय / जनपदीय प्रशिक्षण केंद्र हेतु) | 19 | -- | 03 | -- | 22 | स्थायी |
| 42- | निदेशक, प्रशासनिक सुधार, उ०प्र०शासन, लखनऊ। | 01 | -- | -- | -- | 01 | स्थायी |
| 43- | मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ। | 29 | 01 | 02 | 14 | 46 | ------- |
| 44- | वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी, होमगार्ड मुख्यालय, उ०प्र०, लखनऊ। (सं०प्र०के०/मुख्यालय/ मण्डल संवर्ग) | 08 | -- | -- | 02 | 10 | स्थायी |
| 45- | प्रमुख सम्पादक, जिला गजेटियर विभाग,उ०प्र०, लखनऊ। | 01 | -- | -- | 01 | 02 | स्थायी |
| 46- | महानिदेशक, अभियोजन निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ। | 06 | -- | 01 | -- | 07 | अस्थायी |
| 47- | निदेशक (प्रशासन) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र०, लखनऊ। | 45 | 11 | 01 | 15 | 72 | स्थायी |
| 48- | आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र०लखनऊ। | 01 | -- | -- | 01 | 02 | स्थायी |
| 49- | निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध एवं प्रशिक्षण शोध संस्थान, लखनऊ। | 01 | -- | -- | -- | 01 | स्थायी |
| 50- | अधिशासी निदेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ०प्र०, लखनऊ। | 07 | 01 | -- | 01 | 09 | स्थायी |
| 51- | महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ०प्र०, लखनऊ। | 07 | 02 | -- | 02 | 11 | स्थायी |
| 52- | मुख्य लेखा परीक्षक अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायतें, उ०प्र०, लखनऊ। | 21 | 12 | 01 | 12 | 46 | स्थायी |
| 53- | निदेशक, पंचायती राज लेखा, उ०प्र०, लखनऊ। | 22 | 05 | -- | 12 | 39 | अस्थायी |
| 54- | निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, उ०प्र०, लखनऊ। | 01 | -- | -- | -- | 01 | स्थायी |
| 55- | अपर निदेशक, राष्ट्रीय छात्र सेना दल, लखनऊ। | 90 | 35 | 05 | -- | 130 | स्थायी |
| 56- | सचिव, सतर्कता आयोग एवं प्रशासनाधिकरण, उ०प्र०, लखनऊ। | 02 | -- | -- | 03 | 05 | स्थायी |
| 57- | आयुक्त, चकबंदी विभाग, उ०प्र०,लखनऊ। | 130 | 55 | 06 | -- | 191 | स्थायी |
| 58- | आयुक्त एवं प्रशासक, राम गंगा कमांड परियोजना, कानपुर। | -- | 02 | -- | -- | 02 | स्थायी |

(3)- तृतीय चरण- साक्षात्कार 25 अंकों का होगा।

कनिष्ठ सहायक के पद पर चयन उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवानियमावली, 2014 में विहित भाग-5 भर्ती की प्रक्रिया के अंतर्गत नियम-17 के अनुसार यथासंशोधित उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2002 के उपबंधों के अनुसार की जायेगी, का उल्लेख है। उपर्युक्त के अद्यतन नियमावली उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग क्षेत्र के बाहर) समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया (चतुर्थ संशोधन) नियमावली, 2014 में निम्नलिखित प्राविधान है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1- वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा | - | 40 अंक |
| 2- टंकण परीक्षा | - | अर्हकारी प्रकृति की होगी |
| शैक्षिक अर्हता के आधार पर अधिकतम | - | 30 अंक प्रदान किए जायेंगे |
| खिलाड़ी को अधिकतम | - | 05 अंक प्रदान किए जायेंगे |
| 3- साक्षात्कार | - | 25 अंक |
| योग | - | 100 अंक |

**13- वरीयता-** अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय विभागों के संबंध में वरीयता देनी होगी। आयोग, अभ्यर्थियों की प्रवीणता क्रम में जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और आयोग साक्षात्कार के समय पद की उपलब्धता, श्रेष्ठता व पद की शैक्षिक अर्हता का संज्ञान लेते हुए उपर्युक्त विभागों में अभ्यर्थियों द्वारा दी गयी वरीयता के आधार पर यथा संभव विभाग आवंटित करने का प्रयास करेगा किन्तु इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

## 14- अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश-

(1) उत्तर प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी आवेदन में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें।

(2) एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी दी जाएगी।

(3) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित / भूतपूर्व सैनिक, विकलांगजन तथा महिला अभ्यर्थियों को, जो उ०प्र० राज्य के मूल निवासी नहीं हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जाएंगे। महिला अभ्यर्थियों के मामले में पिता पक्ष से निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

(4) वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ी तथा भूतपूर्व सैनिक, विकलांगजन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अद्यावधिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा एतदर्थ किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

(5) उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, जैसी भी स्थिति हो, की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति के पुत्र या पुत्री तथा वह अथवा उनका परिवार सामान्यतया उत्तर प्रदेश में निवास करता हो, ऐसी महिला अभ्यर्थी का जाति प्रमाण पत्र जिसमें उसके उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में आने वाले व्यक्ति की पत्नी होने का उल्लेख है, मान्य न होगा।

